समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने सचिवालय व सिविल लाइंस मे की जनसुनवाई, जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के दिए निर्देश

राजेश चौधरी
Published on 18 Nov 2025



राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने आज सचिवालय तथा सिविल लाइंस स्थित अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। जनसुनवाई के दौरान उन्होंने जनता की समस्याओं को गम्भीरता से सुना और प्रत्येक मुद्दे पर त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए।

जनसुनवाई में सिवाना के विधायक श्री हमीर सिंह भायल, पोकरण विधायक महंत प्रताप पुरी, डीडवाना विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्री जितेंद्र सिंह जोधा समेत कई अन्य जनप्रतिनिधि भी पहुंचे। उन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों की आवश्यकताओं और जनता की समस्याओं को उपमुख्यमंत्री के समक्ष रखा। दीया कुमारी ने सभी से आत्मीयता के साथ संवाद किया और कहा कि जनभावनाओं का सम्मान करते हुए समस्याओं का समाधान करना राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है।

सचिवालय में आयोजित यह जनसुनवाई सुबह से ही शुरू हो गई थी। बड़ी संख्या में लोग दूर-दराज़ इलाकों से अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे थे। इनमें सड़क, पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य सुविधाएं, राजस्व संबंधित मामले, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, स्थानीय विकास कार्य और प्रशासनिक बाधाओं जैसे मुद्दे प्रमुख रहे। उपमुख्यमंत्री ने धैर्यपूर्वक सभी की बात सुनी और हर मामले के लिए आवश्यक निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए।

उन्होंने अधिकारियों को सख्त शब्दों में कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध और प्रभावी निपटारा सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार की नीतियों का लाभ सही पात्र तक पहुंचे, इसके लिए जिम्मेदारी और पारदर्शिता दोनों आवश्यक हैं। किसी भी स्तर पर लापरवाही या विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

जनसुनवाई में आए भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने भी अपने क्षेत्रों के विकास कार्यों, योजनाओं के क्रियान्वयन तथा

प्रशासनिक सुधारों से जुड़े सुझाव रखे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यकर्ताओं के सुझाव सरकार के लिए अत्यंत मूल्यवान हैं, क्योंकि वे सीधे जनता से जुड़े रहते हैं और जमीनी हकीकत की सही जानकारी रखते हैं।

विधायक हमीर सिंह भायल ने अपने क्षेत्र सिवाना में सड़क मरम्मत, जलापूर्ति समस्याओं और ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार से जुड़े मुद्दे उठाए। इसी प्रकार पोकरण विधायक महंत प्रताप पुरी ने अपनी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की प्रगति, पर्यटन से संबंधित संभावनाओं और स्थानीय जरूरतों को सामने रखा। डीडवाना से भाजपा प्रत्याशी जितेंद्र सिंह जोधा ने भी जनहित के कई मामलों को उपमुख्यमंत्री तक पहुंचाया।

दीया कुमारी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल सुनना नहीं, बल्कि समस्याओं का वास्तविक समाधान करना है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जनता द्वारा उठाए गए प्रत्येक मुद्दे पर कार्रवाई की जाएगी और भविष्य में ऐसी जनसुनवाइयों को और अधिक प्रभावी एवं सुलभ रूप में आयोजित किया जाएगा, ताकि कोई भी नागरिक अपनी बात कहने से वंचित न रह जाए।

उन्होंने उपस्थित जनता को यह आश्वासन भी दिया कि राज्य सरकार विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए पूरी तरह सक्रिय है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की प्रगति तभी संभव है जब हर क्षेत्र और हर नागरिक अपनी आवाज सरकार तक सहज रूप से पहुंचा सके।

जनसुनवाई के अंत में उपमुख्यमंत्री ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद किया और पुनः दोहराया कि सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जनता और जनप्रतिनिधियों के साथ निरंतर संवाद ही सुशासन की दिशा में सबसे बड़ा कदम है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.